हिन्दी दैनिक

# देश की उपासना

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

dku live & dkunews24

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 03 अंक–184 : जौनपुर, सोमवार 25 अक्टूबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया


## प्रधानमंत्री मोदी ने जौनपुर मेडिकल कॉलेज का किया वर्चुअल लोकार्पण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सोमवार को जनपद सिद्धार्थनगर से एक साथ 9 मेडिकल कॉलेजों का राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय मंत्री रसायन उर्वरक और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मनसुखलाल मांडवीया की उपस्थिति में वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया गया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्वांचल में मेडिकल कॉलेज बन जाने से चिकित्सा–शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति आएगी। नए डॉक्टर, नर्स तैयार होंगे। पूर्वांचल के लोगों को चिकित्सा के लिए अन्य जनपद में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश मेडिकल हब बनने की राह पर है और मेडिकल कॉलेज से पढ़ लिखकर निकले छात्र निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करेंगे। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहा कि प्रधानमंत्री जी के कुशल दिशा निर्देशन में उत्तर प्रदेश में बहुआयामी विकास हो रहा है। मेडिकल कॉलेज बन जाने से उपरोक्त जनपदो के विभिन्न समस्याओं का समाधान होने के साथ लोगों को बेहतर चिकित्सा के अभाव और मेडिकल की पढ़ाई के लिए दूसरे राज्य जाने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज बन जाने से स्वास्थ्य के क्षेत्र में दूरगामी



प्रभाव पड़ेगा, जिसको भविष्य याद रखेगा। उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि आज जनपद के लिए स्वर्णिम पल है। शीघ्र ही मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई शुरू हो जाएगी और जनपद का मेडिकल कॉलेज स्वर्णिम इतिहास लिखेगा। इस अवसर पर मंत्री जल शक्ति विभाग (सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश) डॉ महेंद्र सिंह, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल, युवा कल्याण उपेंद्र तिवारी,राज्यमंत्री आवास एवं शहरी नियोजन गिरीश चंद्र यादव, सांसद श्याम सिंह यादव,सांसद राज्यसभा सीमा द्विवेदी, विधायक जफराबाद डॉ हरेंद्र प्रसाद सिंह, केराकत दिनेश चौधरी, पुलिस अधीक्षक अजय साहनी, अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व राजकुमार द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ठेकेदार हत्या कांड का पुलिस ने किया खुलासा : तीन अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : एस0ओ0जी0 ,सर्विलांस व थाना बक्सा पुलिस की संयुक्त टीम नें थाना बक्सा अन्तर्गत ग्राम मई में ठेकदार अखिलेश यादव की टहलते समय हत्या करने वाले 03 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक तमन्चा 12 बोर 2 जिन्दा कारतूस 12 बोर व एक नाजायज पिस्टल 7.65 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 7.65 बोर किया बरामद। श्रीमान पुलिस अधीक्षक जौनपुर, अजय साहनी के कुशल निर्देशन में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामिण व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में ग्राम मई में दिनांक 15.10.2021 को ग्राम बरपुर निवासी ठेकेदार अखिलेश यादव को प्रातः टहलते समय अज्ञात बदमाशों द्वारा गोली मारकर हत्या किये जाने की घटना को अनावरण किये जाने की चुनौती के क्रम में अनावरण हेतु गठित टीम थानाध्यक्ष बक्सा, एसओजी प्रभारी व सर्विलांस टीम मय हमराह की मदद से उक्त घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त अभियुक्तगण 1.देवेन्द्र कुमार यादव उर्फ बन्दूके पुत्र करमचन्द यादव निवासी दरियावगंज थाना बक्शा जनपद जौनपुर 2.लालता यादव पुत्र स्व0 दयाराम यादव ग्राम मई थाना बक्शा जनपद जौनपुर 3.मनीष कुमार यादव पुत्र महेन्द्र यादव निवासी ग्राम बलुआ थाना बदलापुर जनपद जौनपुर में से अभियुक्त देवेन्द्र कुमार यादव उपरोक्त को दिनांक 24.10.21 समय 18.25 बहद ग्राम मई मोड़, अभियुक्त लालता प्रसाद यादव उपरोक्त को दिनांक 25.10.2021 को समय 7.50 बजे शम्भूगंज बाजार से तथा अभियुक्त मनीष कुमार यादव पुत्र महेन्द्र यादव उपरोक्त को दिनांक 25.10.21 समय 07.30 बजे धनियामऊ मछली बाजार से क्रमश एक तमन्चा 12 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर तथा मुकदमा उपरोक्त की घटना में प्रयुक्त पिस्टल आला कत्ल एक नाजायज पिस्टल 7.65 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 7.65 बोर गिरफ्तार कर बरामद किया गया है । बरामदगी के आधार पर मु0अ0स0 341/21 व 342/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट क्रमशः देवेन्द्र यादव व मनीष यादव पंजीकृत किया गया है । गिरफ्तार



अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ में बताया गया कि जमीनी विवाद के कारण अखिलेश यादव की हत्या हमलोगों द्वारा की गयी थी। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1.लालता यादव पुत्र स्व0 दयाराम यादव ग्राम मई थाना बक्शा जनपद जौनपुर । 2.मनीष कुमार यादव पुत्र महेन्द्र यादव निवासी ग्राम बलुआ थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 3.देवेन्द्र कुमार यादव उर्फ बन्दूके पुत्र करमचन्द निवासी दरियावगंज थाना बक्शा जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1.लालता यादव पुत्र स्व0 दयाराम यादव ग्राम मई थाना बक्शा जनपद जौनपुर। 1.मु0अ0सं0 335/21 धारा 302/120 बी/34 भादवि थाना बक्शा जनपद जौनपुर। 2.मनीष कुमार यादव पुत्र महेन्द्र यादव निवासी ग्राम बलुआ थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 1.मु0अ0सं0 335/21 धारा 302/120 बी/34 भादवि थाना बक्शा जनपद जौनपुर । 2.मु0अ0स0 342/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बक्शा जनपद जौनपुर। 3.देवेन्द्र कुमार यादव उर्फ बन्दूके पुत्र करमचन्द निवासी दरियावगंज थाना बक्शा जनपद जौनपुर। 1. मु0अ0सं0 335/21 धारा 302/120 बी/34 भादवि थाना बक्शा जनपद जौनपुर। 2.मु0अ0स0 341/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बक्शा जनपद जौनपुर। बरामदगीः– 1. एक तमन्चा 12 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर। 2. आला कत्ल एक नाजायज पिस्टल 7.65 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 7.65 बोर। गिरफ्तारी व बरामदी करने वाली टीम– 1– थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह मय हमराह का0 रविन्द्र कुमार यादव, का0 रोहित चौहान, का0 धीरेन्द्र कुमार यादव तथा उ0नि0 मनोज कुमार सिंह मय हमराह हे0का0 माधव सिंह व हे0का0 नन्दलाल तथा उ0नि0 विवेक कुमार तिवारी,हे0का0 रीतम कुमार, थाना बक्शा जनपद जौनपुर। 2– एस0ओ0जी0 प्रभारी आदेश कुमार त्यागी मय हमराह हे0का0 सन्दीप कुमार सिंह व हे0का0 अमित कुमार राय, हे0का0 विक्रम रघुवंशी, का0 शैलेष कुमार, का0 भानू प्रताप सिंह, का0 अजय कुमार जनपद जौनपुर। 3– सर्विलांस प्रभारी उ0नि0 श्री रामजनम यादव , का0 अमित सिंह, का0 बसन्त यादव, का0 आलोक कुमार सर्विलांस सेल जौनपुर।

### आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला ने किया इंटरलॉकिंग रोड का शिलान्यास



आर एल पाण्डेय लखनऊ। आज ग्राम पंचायत रत्नापुर के सूर्यबली खेड़ा खेड़ा में ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला द्वारा इंटरलाकिंग रोड का शिलान्यास किया गया जिसमें प्रमुख रूप से प्रधान निगोहां अभय दीक्षित प्रधान शिवबरन सिंह बीडीसी शैलेन्द्र मण्डल महामंत्री आशुतोष शुक्ला करुणेश शुक्ला बूथ अध्यक्ष विनोद वर्मा सुनील ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधी विनोद साहू और काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित रहे सभी ग्रामीणों ने प्रमुख जी का माला पहना कर जोरदार स्वागत किया।

## घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ाः सहायता की मांग



गोरखपुर संवाददाता आशुतोष चौधरी : गोरखपुर के दक्षिणांचल में स्थित बेलघाट के द्वाबा क्षेत्र में घाघरा नदी के जलस्तर बढ़ने के कारण गाँव नरगड़ा जंगा सिंह व नरगड़ा शिवदत्त के ग्रामीड़ चौतरफा पानी से घिरने के साथ ही अनेक गाँव प्रभावित हुए हैं। भारी जल जमाव के कारण ग्रामवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित गाँव वासियों का कहना है कि बाढ़ की आफत खत्म होने के बाद पुनः अचानक पानी का आना हमारे जीवन के लिए आफत साबित हो रहा है।

## भाजपा नेता की हत्या से नाराज भीड़ ने चलाया आरोपी के घर पर बुलडोजर

बलरामपुर ब्यूरो डॉक्टर संजय शुक्ला : थाना हरैया अंतर्गत भाजपा नेता कृष्ण प्रकाश शुक्ला की हत्या से भड़के जनाक्रोश के बाद नाराज भीड़ ने मुख्य आरोपी राकेश यादव महंत के भट्टे पर बने घर को बुलडोजर व जेसीबी चलाकर ढहा दिया है। स्थानीय थाना क्षेत्र निवासी भाजपा नेता केपी शुक्ला की हत्या से उपजे जनाक्रोश को देख हरकत में आई पुलिस ने हत्या की साजिश में शामिल 2 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इसके साथ ही हत्याकांड के मुख्य आरोपी राकेश यादव महंत को भी गिरफ्तार कर लिया है। जबकि हत्या में शामिल पांच अन्य मुख्य आरोपियों की तलाश के लिए भी अलग–अलग टीमें गठित कर ताबड़तोड़ दबिश दी जा रही है। इसी सप्ताह हरैया थाना क्षेत्र के बल्दी डीहा गांव निवासी भाजपा के सेक्टर संयोजक कृष्ण प्रकाश शुक्ला उर्फ पप्पू की चुनावी रंजिश के चलते ट्रैक्टर से कुचल कर हत्या कर दी गई थी। हत्या से नाराज लोगों ने घंटों चक्का जाम कर प्रदर्शन किया था। हत्या के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के आश्वासन पर ही लोगों का गुस्सा कुछ शांत हुआ था। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का अंतिम संस्कार भी आनन–फानन में कर दिया गया इस दौरान परिजनों के साथ–साथ लोगों में भारी आक्रोश देख रहा था। रात ढलते ही इस आक्रोश ने विस्फोटक रूप ले लिया। इसके चलते एकत्रित भीड़ ने देर रात मुख्य आरोपी राकेश कुमार यादव महंत के ईट भट्ठे पर बने उसके घर को बुलडोजर तथा जेसीबी चलाकर तोड़ डाला। इस संबंध में हरैया थाना अध्यक्ष जयदीप दुबे ने बताया कि आरोपी का मकान पुलिस ने नहीं बल्कि हत्या से आक्रोशित क्षेत्रीय लोगों की भीड़ ने गिराया है। इस मामले में भाजपा नेता के भतीजे की तहरीर पर 5 लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। छानबीन के दौरान पता चला कि इस हत्या के पीछे मुख्य आरोपी राजेश कुमार यादव महंत के पिता बच्चा राम निवासी ग्राम कट किया तथा उनके सहयोगी पिपरा चौराहा निवासी रामनिवास यादव ने मुख्य रूप से साजिश रची थी। आम लोगों के आक्रोश के बाद चेती पुलिस ने आनन–फानन में दोनों ही साजिश कर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके साथ ही मुख्य आरोपी राजेश यादव महंत को भी गिरफ्तार कर लिया जबकि अन्य आरोपियों की धरपकड़ को भी पुलिस की 6 टीमें गठित कर लगातार दबिश दी जा रही है। जानकारों की मानें तो पुलिस ने इनमें से चार आरोपियों को पकड़ भी लिया है लेकिन फिलहाल इसका खुलासा करने से बच रही है। लापरवाही बरतने पर दो आरक्षी हुए लाइन हाजिर। भाजपा नेता कृष्ण प्रकाश शुक्ला की हत्या में लापरवाही बरतने वाले आरक्षी संजय पांडे तथा उपेंद्र सिंह को पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल ने लाइन हाजिर कर दिया है। यह कार्यवाही पीड़ित परिवार की शिकायत पर की गई है। पीड़ित परिवार का कहना है कि इन दोनों सिपाहियों ने बार–बार शिकायत के बावजूद भी हमले की आशंका को पूरी तरह से अनसुना कर दिया था। मृतक ने इन दोनों सिपाहियों से खुद की हत्या किए जाने की आशंका भी जताई थी। भाजपा नेता की हत्या के बाद गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। लोग भयभीत हैं। दिनदहाड़े कृष्ण प्रकाश शुक्ला की हुई निर्मम हत्या के बाद गांव की महिलाएं व बच्चे भी घरों से बाहर निकलने से डर रहे हैं। कई अभिभावकों ने तो अपने बच्चों को स्कूल भेजना भी बंद कर दिया है।

## कानून व्यवस्था को चुस्त–दुरुस्त बनाने के लिए कई थानों के थानेदार को हटाया गया

गोरखपुर संवाददाता आशुतोष चौधरी : कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए 13 पुलिस वालों का कार्यक्षेत्र बदला बदला गया है। रणधीर मिश्रा को राजघाट और कृष्ण कुमार राणा को गोला की थानेदारी सौंपी गई है। एसएसपी ने शनिवार को गोला थानेदार को निलंबित कर दिया था। इसके अलावा दस थानों पर नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, राजघाट थाना प्रभारी रहे विनय कुमार सरोज को गीडा थानेदार, यहां पर तैनात रहे इंस्पेक्टर दिनेश दत्त मिश्रा को अपराधा शाखा, इंस्पेक्टर चंद्रहास मिश्रा को पुलिस लाइंस से गुलरिहा की थानेदारी सौंपी गई है। यहां पर तैनात रहे इंस्पेक्टर विनोद कुमार अग्निहोत्री को चिलुआताल थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। यहां पर रहे इंस्पेक्टर जय नारायण शुक्ला को प्रभारी निरीक्षक एएचटीयू, पुलिस लाइंस में रहे विवेक को बांसगांव का नया थानेदार बनाया गया है। एएचटीयू के प्रभारी निरीक्षक रहे संतोष कुमार अवस्थी को झंगहा का नया थानेदार बनाया गया है। झंगहा की थानेदारी कर रहे संजय मिश्रा को एसएसआई बांसगांव बनाया गया है। इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह को खजनी थानेदार बनाया गया है। यहां पर तैनात रहे अजय कुमार मौर्या को उरुवा बाजार की थानेदारी दी गई है। उरुवा बाजार थानेदार रहे प्रविंद्र राय को अपराधा शाखा भेज दिया गया है। एसएसपी डॉ. विपिन टांडा ने आदेश जारी करते हुए तत्काल प्रभाव से नई तैनाती पर जाने का निर्देश दिया है।

## फरार ब्लॉक प्रमुख पर 25000 का इनाम घोषित

बलरामपुर ब्यूरो डॉक्टर संजय शुक्ला : बीते दिनों जमीन के विवाद में अधिवक्ता से मारपीट और पुलिसकर्मियों के साथ हुई अभद्रता के मामले में आरोपी हरैया सतघरवा विकासखंड के ब्लॉक प्रमुख विशाल सिंह की मुसीबत बढ़ती हुई दिख रही है। मामले में फरार चल रहे ब्लाक प्रमुख के खिलाफ पुलिस ने 25000 का इनाम घोषित कर दिया है। कोर्ट से उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी हो चुका है। पुलिस ब्लाक प्रमुख के शरण दाताओं को भी चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्यवाही करने की तैयारी कर रही है। नगर कोतवाल संजय कुमार दुबे ने बताया कि 10 अक्टूबर को मेवालाल पुलिस चौकी के निकट जमीन विवाद को लेकर सनातन देव त्रिपाठी तथा विशाल सिंह के बीच मारपीट हुई थी। ब्लाक प्रमुख व उनके सहयोगियों ने मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों के खिलाफ अभद्रता कर उनका मोबाइल भी छीन लिया था। मामले में सनातन देव त्रिपाठी तथा पुलिसकर्मी कन्हैयालाल की तहरीर पर ब्लॉक प्रमुख विशाल सिंह व अन्य 20 अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया था। विशाल सिंह फरार चल रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 25000 का इनाम घोषित किया है। साथ ही साथ उनके खिलाफ न्यायालय से गैर जमानती वारंट भी जारी किया जा चुका है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस फरार ब्लाक प्रमुख के सरल उपाय को भी चिन्हित कर रही है। इनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कायाकल्प के 14 मानकों पर सिर्फ 150 स्कूल उतरे खरे

बलरामपुर ब्यूरो डॉक्टर संजय शुक्ला : स्कूलों के कायाकल्प में घोर लापरवाही बरती जा रही है। जिले में सिर्फ 150 स्कूल 14 पैरामीटर के मानक पर खरे उतर सके हैं। शासन के कायाकल्प फरमान को ठेंगा दिखाया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने स्कूलों के मिशन कायाकल्प में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही किए जाने की चेतावनी दी है। चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक जिले के 1825 स्कूलों को शासन ने 14 पैरामीटर पर कायाकल्प कराने का फरमान जारी किया है। मुख्य विकास अधिकारी ने बेसिक शिक्षा व पंचायती राज विभाग को प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक व कम अपोजिट स्कूलों को मिशन कायाकल्प के तहत 14 पैरामीटर पर चाक–चौबंद कराने का निर्देश दिया है। बेसिक शिक्षा के जिला समन्वयक निर्माण एनके सिंह ने बताया कि 1825 प्राथमिक उच्च प्राथमिक व कम अपोजिट की तुलना में जिले के 150 स्कूल ही 14 पैरामीटर के मानक पर पूरे हो चुके हैं। 14 पैरामीटर के मानक वाले स्कूलों में पीने के लिए पानी बच्चों के लिए टॉयलेट पानी से युक्त टॉयलेट टाइल्स युक्त टॉयलेट हैंड वाशिंग यूनिट क्लास रूम में टाइल्स ब्लैक बोर्ड किचन पेंटिंग रैंप विद्युतीकरण व बिजली के कनेक्शन शामिल हैं। जिले के 500 स्कूलों में 13 पैरामीटर के मानक पर कार्य किया जा चुका है जिसमें दिव्यांग बच्चों के लिए टॉयलेट का निर्माण कराना बाकी है गया है। जिले के 600 स्कूलों में 12 पैरामीटर के मानक पर कार्य किए जा चुके हैं। जिले के 360 स्कूलों में 11 150 स्कूलों में 10 स्कूलों में 950 स्कूलों में 14 स्कूलों में 712 स्कूलों में 67 स्कूलों में 53 स्कूलों में चार और एक स्कूल में 3 पैरामीटर के मानक पर कार्य कराए गए हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ रामचंद्र ने बताया कि हर सप्ताह खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक करके स्कूलों के कायाकल्प योजना को बेहतर ढंग से लागू कराने के निर्देश दिए जा रहे हैं। खंड शिक्षा अधिकारियों व प्रधानाध्यापकों का सुझाव दिया गया है कि ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधानों से समन्वय बनाकर शासन स्तर से निर्धारित 14 पैरामीटर के मानक पर स्कूलों को चाक–चौबंद कराएं।

## नेपाल सीमा पर बनाए जाएंगे वॉच टावर : यस यस बी से गृह मंत्रालय ने मांगी रिपोर्ट

बलरामपुर ब्यूरो डॉक्टर संजय शुक्ला : भारत नेपाल सीमा की निगरानी के लिए सुरक्षा के वॉच टावर का निर्माण कराया जाएगा। नेशनल हाईवे की तरह सीमा से सटी सड़कें बनाई जाएंगी। यस यस बी नववी तथा 50 बी वाहिनी से गृह मंत्रालय ने रिपोर्ट मांगी है। बजट मिलने के बाद सीमा क्षेत्र में विकास कार्यों का खाका खींचा जाएगा। गृह मंत्रालय ने भारत–नेपाल सीमा पर डेवलपमेंट कराने की पहल की है। वॉच टावर व चौड़ी सड़क निर्माण होने से सीमा क्षेत्र पर होने वाली देश विरोधी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा सकेगी। गृह मंत्रालय भारत सरकार की तरफ से भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में विकास कार्यक्रमों के तहत वार्षिक कार्य योजनाओं व त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध करने के लिए ऑनलाइन प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है। सीमावर्ती जिले के प्रभारी अधिकारियों के साथ गृह मंत्रालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विकास कार्यो को कराने का बेवरा तलब किया जा रहा है। डीएसटीओ संजीव कुमार ने बताया कि जिले के चार विकास खंडों की सीमा भारत नेपाल से सटी हुई है। यस यस बी 9वी वाहिनी के क्षेत्र में हरैया सतघरवा तुलसीपुर वागेश्वरी ब्लॉकों की और 50 वी वाहिनी के क्षेत्र में पचपेड़वा ब्लॉक की सीमा जुड़ी है। मुख्य विकास अधिकारी रिया केजरीवाल ने नवी वाहिनी के सहायक कमांडेंट से जानकारी प्राप्त की कि हरैया सतघरवा तुलसीपुर वागेश्वरी सीमा पर नेशनल हाईवे राजमार्ग व अन्य मार्गो की मरम्मत कराने की आवश्यकता है। मार्गों पर प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं है। भारी ट्रकों के पार्किंग व नई तकनीक से सघन सुरक्षा जांच की कोई व्यवस्था नहीं है। सीमा क्षेत्र में वॉच टावर भी नहीं लगे हैं जिससे केवल जमीनी पेट्रोलिंग ही हो पाती है। यस यस बी 50 वी वाहिनी के सहायक कमांडेंट ने बताया कि पचपेड़वा ब्लॉक में आने वाले नेशनल हाईवे राजमार्ग व अन्य मार्गों की स्थिति दयनीय है। मरम्मत व चौड़ीकरण कराने की आवश्यकता है। वन क्षेत्र की सीमा चौकियों तक जाने के लिए कोई मार्ग नहीं है। सीमावर्ती मार्गों पर प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं है। ट्रकों की चेकिंग निरंतर की जा रही है। ट्रकों के ओवरलोड पाए जाने पर कार्यवाही भी की जा रही है। क्षेत्र की चार सीमा चौकी त्रिलोकपुर मझगवां बेलभरिया तथा विधवा में वाच टावर लगाने का प्रस्ताव भेजा गया है जो प्रस्तावित है। दोनों प्रस्ताव को गृह मंत्रालय को भेज दिया गया है। इस संबंध में जिलाधिकारी श्रुति शर्मा का कहना है कि नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों में नेशनल हाईवे जैसी सड़क मार्गों पर प्रकाश की व्यवस्था वाच टावरों के निर्माण ट्रकों के पार्किंग व सघन सुरक्षा जैसे विकास कार्यों को कराने के लिए गृह मंत्रालय को रिपोर्ट भेजी गई है। जमीन को चिन्हित करने के लिए सीओ तुलसीपुर कुमार प्रभात सिंह को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

## दलाल कार्यालय के लिपिक से मिलकर दिनदहाड़े काश्तकारों की जेब पर डालते हैं डाका

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय तिवारी : उप निबंधक कार्यालय बीकापुर में इन दिनों पूरी तरह से रामराज्य छा गया है उपनिबंधक के कार्यालय पहुंचने की तो बात दूर संबंधित लिपिक भी कार्यालय पहुंचने में मनमानी पर उतारू हैं। रजिस्ट्रार कार्यालय दलालों और अधिकारियों की जुगलबंदी से भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया है। आए दिन जमीनों और मकानों की रजिस्ट्री, एग्रीमेंट और बसीयतनामा को रजिस्ट्रड करने के नाम पर अनपढ़ किसानों, क्रेताओं का जमकर आर्थिक शोषण किया जा रहा है। यह पूरा खेल रजिस्ट्रार के बड़े बाबू के संरक्षण में दलाल कर रहे हैं। क्रेताओं से खरीदी गई सम्पत्ति की मालकियत का 1 से 2 प्रतिशत हजारों में होता है। अन्दर के खर्च के नाम से वसूलकर रजिस्ट्रार तक पहुंचाए जा रहे हैं। 2 वर्ष पूर्व फर्जी तरीके से मुख्तार आम बनने के बाद बैनामा किये जाने का मामला सामने आने पर रजिस्ट्री विवादों में घिर गई थी। जमीनों की खरीद फरोख्त को लेकर रजिस्ट्री दफ्तर के कर्मी संदेह के घेरे में हैं। बीकापुर निबंधक कार्यालय में रजिस्ट्रार की तैनाती होने के बाद से वह एक भी दिन कार्यालय नही आए। लेख पत्रों का निष्पादन एवं रजिस्ट्री कार्यालय के लिपिक किस आधार पर कर रहे हैं यह तो जांच का विषय है। क्या जमीन की रजिस्ट्री करने का अधिकार लिपिक को है ? यह भी चर्चा का विषय है। रजिस्ट्री कार्यालय में दलालों की भरमार है। दस्तावेज लेखकों के एक दर्जन लाइसेंस होने के बाद भी 4 दर्जन से अधिक दलाल एक दस्तावेज लेखकों के पास के पास बैठे देखे जाते है। कोविड 19 प्रोटोकाल की भी धज्जियां यहां उड़ाई जा रही हैं। रजिस्ट्री कार्यालय में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किए जाने का खुला खेल दस्तावेज लेखकों एवं कार्यालय के लेखकों तथा दलालों की मिलीभगत से खेला जा रहा है। सूत्रों से पता चला है कि इस समय उप निबंधक कार्यालय के लिपिक के भरोशे होने वाले बैनामो में बड़े स्तर पर लेन देन किया जा रहा है। ऑनलाइन समाचार अयोध्या द्वारा उप निबंधक कार्यालय का जायजा लिए जाने के बाद पूर्वान्ह 11:00 बजे तक उप निबंधक कार्यालय में रजिस्ट्रार की तो बात दूर कार्यालय के लिपिक भी नदारद मिले हैं। इस प्रकार से शासन की मंशा को खुलेआम उप निबंधक कार्यालय के कर्मियों द्वारा ठेंगा दिखाया जा रहा है।


facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram


–सुविचार–

*यदि हम अपनें से मित्रता कर लेते हैं तो कभी अकेले नहीं होंगे–*

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## नेशनल मोनेटाइजेशन पाइपलाइन : संपत्ति मुद्रीकरण की जरूरत क्यों

विगत 23 अगस्त को जब वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने 60 खरब डॉलर के नेशनल मोनेटाइजेशन पाइपलाइन (एनएमपी) की घोषणा की, तो इसने कई तरह की बहस को जन्म दिया। जैसा कि अपेक्षित था, इस घोषणा की जहां काफी आलोचना हुई, वहीं इससे बहुत ज्यादा उम्मीदें भी जताई गईं, लेकिन हकीकत इन दोनों के बीच में कहीं है। शुरुआत करने के लिए एनएमपी के तहत चार वर्ष की अवधि (वित्त वर्ष 2022–2025) के दौरान केंद्र सरकार की प्रमुख संपत्तियों की मुद्रीकरण क्षमता का अनुमान लगाया गया है। और इसी में कुछ चिंताएं निहित हैं, इसलिए इस योजना से संबंधित और विवरण को जानने की जरूरत है। वास्तव में इस घोषणा में 'न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन' को हासिल करने की क्षमता है, प्रधानमंत्री अक्सर जिस दर्शन को दोहराते रहते हैं।

अपने आसपास देखें, तो आप संभवतः पाते हैं कि स्थायी नौकरियों और सुरक्षित रोजगार की अवधारणा वाले ज्यादातर उद्यमी, व्यवसायी और छोटी संस्थाएं धीरे–धीरे हमारे बीच से गायब हो रही हैं। मुक्त आर्थिक संस्थानों का उदय हो रहा है और सरकार के लिए व्यवसायों और पूंजीवाद पर नियंत्रण करना मुश्किल होता जा रहा है। बुनियादी ढांचे के विकास और अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों में सार्वजनिक–निजी भागीदारी (पीपीपी) के परिणाम मिले–जुले रहे हैं। उदाहरण के लिए, दूरसंचार के निजीकरण ने औसत भारतीयों का जीवन बदल दिया है।

फिर उड्डयन क्षेत्र को ही लें, तो वहां भी निजीकरण ने अच्छा काम किया है, और राज्य की निगरानी में वायुमार्गों, हवाई अड्डों एवं सुरक्षा का अच्छा प्रबंधन किया है। आईटी क्षेत्र में भी निजी क्षेत्र आगे है, जबकि एक महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर दिग्गज बनने की दिशा में सरकार का प्रयास नगण्य ही है। चुनींदा रेल मार्गों के संचालन के निजीकरण के प्रयोगों ने उपभोक्ता के साथ–साथ रेलवे के लिए भी उल्लेखनीय बदलाव किया है। तो, क्या अचानक हमारे प्रमुख क्षेत्रों के कामकाज के तरीके में बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा?

राजनेताओं, नीति निर्माताओं और आम जनता के बीच इस बात को लेकर सबसे बड़ी शंका है कि संपत्तियों का मुद्रीकरण वास्तव में है क्या? क्या इसका मतलब राष्ट्रीय संपत्ति को बेचकर पैसा कमाना है? यदि नहीं, तो क्या यह राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगने वाले टोल की तरह है? इसके उत्तर अभी सामने आने बाकी हैं, क्योंकि राष्ट्रीय संपत्ति करदाताओं के पैसे का उपयोग करके और लोगों व उद्योगों द्वारा संपत्ति के उपयोग पर लगाए गए शुल्क के माध्यम से बनाई गई है। हमने पिछले दो दशकों में विनिवेश के रूप में सार्वजनिक क्षेत्र से राज्य के स्वामित्व वाली संस्थाओं का निजीकरण देखा है। इनमें से कई ने काम किया है, कुछ ने परेशानी पैदा की है और कुछ पर अब भी काम चल रहा है। 2000 के दशक की शुरुआत में आईटीडीस के चुनींदा होटलों, वीएसएनएल और अन्य संस्थानों की संपत्तियों का विनिवेश फिर से करना और उनका मूल्यांकन करना है। हालांकि यह खराब प्रदर्शन वाली संपत्तियों या घर के सारे गहने बेच डालने जैसा नहीं है।

उन दिनों के संदर्भ और स्थितियों को देखते हुए इस प्रयोग ने काम किया था। तो क्या यह ब्रिटेन का अनुकरण है? 1970 के दशक में ब्रिटेन ने भारी आर्थिक चुनौतियों का सामना किया, और राज्य की संपत्तियों के निजीकरण ने वहां चमत्कार कर दिया। मार्गरेट थैचर सरकार के लंबे शासन ने राज्य के स्वामित्व वाले क्षेत्रों का सफल निजीकरण किया था। संपत्तियों को निजी हाथों में देने और बेचने की पूरी प्रक्रिया से अच्छी–खासी रकम कमाई गई और समग्र अर्थव्यवस्था को बहुत जरूरी प्रोत्साहन दिया गया। सरकार का खर्च कम हुआ, इसलिए उसकी उधारी भी कम हुई, और उसकी आय भी बढ़ने लगी। ब्रिटिश ऑयल और सरकार के एक रेडियोएक्टिव उद्यम की सबसे पहले नीलामी हुई। दो दशकों में ब्रिटिश एयरोस्पेस, संबद्ध ब्रिटिश बंदरगाह, ब्रिटिश दूरसंचार, केबल एवं वायरलेस सहित अन्य संस्थाओं में ब्रिटिश सरकार का स्वामित्व काफी कम हो गया।

इनमें से कुछ संगठनों में, कर्मचारियों ने हिस्सेदारी खरीदी, क्योंकि वे निजी स्वामित्व के तहत संगठन के बेहतर भविष्य के साथ–साथ अपने निवेश पर बेहतर रिटर्न के प्रति आश्वस्त थे। ब्रिटिश सरकार द्वारा दो–तीन दशकों में पट्टे, आंशिक बिक्री और पूर्ण बिक्री के माध्यम से संपत्ति मुद्रीकरण प्रक्रिया को पूरा किया गया था। इस लंबी अवधि के दौरान सरकार, लोगों और संपत्तियों को पट्टे पर लेने वाले संगठनों के हक में प्रक्रिया में कई सुधार किए गए। सरकारी स्वामित्व वाले उद्यम में नौकरशाही के प्रभाव और नियंत्रण को देखते हुए, यह उतना आसान नहीं हो सकता है, जितना कि कागज पर लगता है। इसमें रुकावटें आएंगी और विरोध होना भी तय है। मसलन सरकार, जो पहले से ही ईंधन की बिक्री पर राजमार्गों पर उपकर वसूलती है और कभी–कभी कराधान पर सरचार्ज लगाती है, आलोचना के दायरे में आ सकती है, यदि वह जनता के पैसे से बनाई गई चीजों का मुद्रीकरण करने की कोशिश करती है, और उन्हें इन सेवाओं के लिए फिर से भुगतान करने के लिए कहती है।

कुछ क्षेत्रों में अलग तरीके और दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। जैसे, भारत ने 1980 के दशक की शुरुआत में स्वास्थ्य क्षेत्र में निजीकरण की अनुमति दी, जब मद्रास (अब चेन्नई) में पहला अपोलो अस्पताल स्थापित हुआ था। हालांकि इससे स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र और उपचार में बदलाव आया, लेकिन इसने सरकारी अस्पतालों की गुणवत्ता में, प्रतिभाशाली पेशेवरों को रोकने और बुनियादी ढांचे, दोनों मामलों में गिरावट का मार्ग प्रशस्त किया। फिर भी, स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे के विकास में शुरुआती निवेश ने सुनिश्चित किया कि ये सरकारी अस्पताल ही हैं, जो निजी क्षेत्र की तुलना में कोविड–19 महामारी का बेहतर प्रबंधन करने में सक्षम हैं।

हालांकि अभी शुरुआती दिन हैं, लेकिन एनएमपी एक अच्छी योजना है, यह निश्चित रूप से उन संपत्तियों के बारे में संकेत करता है, जो भारत के पास है और उनके मूल्य का मुद्रीकरण किया जा सकता है। हमें इन संपत्तियों की बिक्री या दुरुपयोग पर इस तरह से नजर रखने की जरूरत है कि अर्थव्यवस्था, रोजगार और बुनियादी ढांचे की स्थिति को बढ़ाने के बजाय उनका मूल्य कम न हो जाए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## नगर पालिका शाहाबाद की ओर से आठ दिवसीय दीपावली मेला 28 अक्टूबर से शुरु : ई ओ संजय कुमार

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : नेहरू म्युनिसिपल कन्या इण्टर कालेज के प्रांगण में दीपावली मेला पर प्रकाश डालते हुए अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार ने कहा कि नगरपालिका शाहाबाद की ओर से आठ दिवसीय दीपावली मेला का आयोजन मोहल्ला पठकाना के रामलीला मैदान में होगा।दीपावली मेला की तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। इसमें 28 अक्टूबर से चार नवंबर तक का समय निश्चित किया गया है।पूर्वाह्न 11 बजे से शाम 06 बजे तक रोजाना मेला लगेगा।चार दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। मेला में हर तरह के स्टाल, दुकानें आदि लगाई जाएंगी। इसके अलावा विभाग की ओर से सरकार की योजना का स्टाल भी लगेगा। शासन ने दीपावली पर नगरपालिका परिषदों को मेले का आयोजन करने का निर्देश दिया है। शासन का मानना है कि दीपावली के त्योहार पर नागरिक बड़े पैमाने पर घरेलू सामग्री की खरीदारी करते हैं। इसे सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने के लिए मेले का स्वरूप देने का निर्णय लिया गया है। मेले में नागरिकों के मनोरंजन के लिए तो व्यवस्थाएं की ही जाएंगी साथ में पथ विक्रेताओं को व्यापार बढ़ाने के लिए प्लेटफार्म भी उपलब्ध कराया जाएगा। ई ओ ने बताया कि शासन ने नगरपालिका को निर्देश दिए हैं कि मेले में विभिन्न गतिविधियों का संचालन



होगा। पथ विक्रेताओं के लिए उपयुक्त स्थल सुरक्षित रखा जाएगा। फूड स्टाल, मनोरंजन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए मंच, दर्शकों के लिए पर्याप्त बैठने का स्थान, पार्किंग आदि पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शुरुआत के तीन दिनों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के निर्देश दिए गए हैं। इसमें मैजिक शो, नुक्कड़ नाटक, स्थानीय लोक गायन, कौशल कला का प्रदर्शन किया जाएगा।शासन के निर्देश पर शाहाबाद में दीपावली पर मेला लगाने की तैयारी की जा रही है। दीपावली मेला की तैयारी कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ अम्बरीष कुमार सक्सेना एवं पूर्व प्रधानाचार्य राधेश्याम दीक्षित ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर नगर पालिका के कर निरीक्षक अनस खां,वहीद अख्तर,अंसार हुसैन,नेहरू म्युनिसिपल कन्या इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या नूरुल हुमा,विषय विशेषज्ञ भैरवी अग्निहोत्री,नायब जहां,शिक्षिका आयशा परवीन,नाजिया,श्रुति,लिपिक जिया खान,निरूपा,अनीता, शकुंतला, निर्मला, अरुण बाला सहित समस्त स्टाफ एवं छात्राएं मौजूद रहीं।

## गोरखपुरः मोबाइल लूट पीड़ित लड़की पाँच सौ मीटर तक सड़क पर लुटेरों की बाइक पकड़ घसीटती रहीं

गोरखपुर संवाददाता आशुतोष चौधरी : शाहपुर थाना क्षेत्र के जेल रोड स्थित गुलाली वाटिका पर शनिवार को बाजार जा रही लडकी से लुटेरे मोबाइल लूट कर फरार हो गए। लड़की बाइक पर पीछे बैठे लुटेरे की कॉलर पकड़ कर लगभग पांच सौ मीटर सड़क पर भागी और सड़क पर घीसटती रही और जख्मी हो गई। जानकारी के मुताबिक गुलाली वाटिका निवासी प्रिया सिंह पुत्री अभय सिंह शनिवार शाम बाजार जा रही थी तभी पीछे से आये पल्सर सवार बदमाशों ने लड़की से मोबाइल छीन लिया इस दौरान लड़की ने बहादुरी का परिचय देते हुए बाइक सवारों को पकड़ने के लिए दौड़ी, जहां पीछे बैठे लुटेरे के शर्ट का कॉलर पकड़ कर सड़क पर पांच सौ मीटर तक घसीटाती रही। हालांकि बाइक की स्पीड तेज होने और लड़की के जख्मी होकर गिर जाने से लुटेरे मोबाइल लेकर फरार हो गए। घटना स्थल से जेल पुलिस चौकी महज दो सौ मीटर की दूरी पर है, घटना पुलिस चौकी से महज चंद कदमों की दूरी पर होने पर भी न तो पुलिस मदद कर पायी और



न ही स्थानीय नागरिकों द्वारा बहादुर बेटी की मदद की गयी।देश की उपासना परिवार स्थानीय प्रशासन एवं मा. मुख्यमंत्री उ0प्र0 से मांग करता है कि इस बहादुरी के लिए प्रिया सिंह को पुरस्कृत किया जाय।

## करोड़ों रूपये से चमकेंगी लखनऊ की इन 12 प्रमुख सड़कों की सूची

आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजधानी लखनऊ के कुल 405 सड़कों को चमकाने के लिए नगर आयुक्त की अध्यक्षता में 15 वित्त की बैठक में मंजूरी दी गई। जिसके तहत राजधानी लखनऊ में टूटे–फूटे कुल 405 सड़कों को नगर निगम 800000000 की लागत से सुधरेगा। राजधानी लखनऊ को गड्ढा मुक्त बनाने के प्रण के साथ एक एक सीढ़ी प्रशासन पार करता नजर आ रहा है। आगे बात करते हैं उन 12 प्रमुख सड़कों की जिसे प्रशासन ने 15 दिनों के भीतर ठीक करने के आदेश दिए। लखनऊ के ये 12 सड़क होंगे चकाचक, देखें लिस्ट। 1.विनीत खंड 2 मिनट सड़क नवीनीकरण का कार्य लागत 41.20 लाख। 2.मौलवी गंज के कूड़ा घर से लेकर तेरी बाजार मोड़ तक सड़क निर्माण लागत 20 लाख। 3.लाल कुआँ के विजयनगर से होते हुए टेढ़ी बाजार तक सड़क सुधारा जायेगा जिसकी कार्य लागत 2000000 होगी । 4.नजरबाग बोर्ड में गलियों को सुधारने के लिए लागत 2000000 5.लाल कुआं वर्ड में पीसीएस बिल्डिंग से महाकालेश्वर मार्ग तक सड़क सुधार 2500000 6.गोखले विहार के सड़क सुधार, कार्य लागत : 28 लाख 7. महात्मा गांधी मोड में क्ले स्क्वायर सड़क सुधारः कार्य लागत 3500000 8.सुंदर बाग के सड़कों का सड़क सुधार 3600000 9.बाबू बनारसी दास कोर्ट एपी सेन रोड पर ठाकुर ट्रांसपोर्ट से लेकर रज्जू भैया भवन तक सड़क सुधार कार्यक्रमः कार्य लागत 4000000 10.गोमती नगर वार्ड के लक्षण पुरी विस्तार में सड़क नवीनीकरण का कार्यः लागत 22.50 लाख, 11.विराम खंड 5 में राम भवन के सामने से मेन रोड पर डिवाइडर तक सड़क निर्माण : लागत 40.90 लाख 12.निशांतगंज में गली नंबर 2, 3, 4 का नवीनीकरणः लागत 60.20 . नगर आयुक्त अजय द्विवेदी का बयान। गौरतलब है कि नगर आयुक्त अजय द्विवेदी जी के अनुसार जिस भी टेंडर की लागत 1000000 तक की है उसे 7 दिन में पूरा करने की दरकार होगी। जिससे कार्य को योजनाबद्ध तरीके से पूरा हो सके। 10 लाख के ऊपर का कार्य के लिए 15 दिन किए गए हैं निर्धारितसगोमतीनगर जन कल्याण महासमिति से संबंध (ंपिसपंजमक) विभिन्न खंड समितियों की मांग पर उनके आवेदन पत्रों को महासमिति द्वारा नगर निगम को लिखने एवं विगत कुछ माहों से उनके निरन्तर फॉलो अप करने के उपरांत, यह बताते हुए हमें हर्ष हो रहा है कि चिनहट वार्ड 1 के विनीत खंड की सड़क, राजीव गांधी वार्ड के विराम खंड की सड़क तथा गोमती नगर वार्ड एवं गोकुल विहार की सड़क को बनाने का निर्देश नगर निगम द्वारा दिया गया हैय इन सड़कों का निर्माण शीघ्र ही हो जाएगा।

## फसल के अवशेष से तैयार करें उत्तम खाद


सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के परास्नातक का छात्र ऋषभ मिश्रा मैं ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय कृषि क्षेत्र में पिछले कई दशकों से फसल उत्पादन में जो वृद्ध आई है। इसका मुख्य कारण उन्नत तकनीकों का अपनाया जाना और अधिक मात्रा में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का प्रयोग है। और और इसी कारण मिट्टी के प्राकृतिक गुण धीरे–धीरे समाप्त होते जा रहे हैं। कृषकों को यह बताना अति आवश्यक है कि मृदा एक भौतिक माध्यम ही नहीं बल्कि जीवित माध्यम भी है जिसमें असंख्य लाभकारी सूक्ष्मजीव निवास करते हैं जो विभिन्न तरीकों से पौधों का पोषण करते हैं। अतः मिट्टी में इनकी संख्या सुनिश्चित करना अति आवश्यक है जो जीवांश या कार्बनिक पदार्थों द्वारा ही संभव है। इसके लिए प्रत्येक कृषक को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए जिससे उनके फार्म या घर में उपलब्ध कूड़ा कचरा जानवरों के मल मूत्र पौधों के अवशेष आदि का उपयोग एक उत्कृष्ट प्रकार के कंपोस्ट बनाने में कर सकते हैं। कंपोस्ट खाद बनाने हेतु सामग्री– पौधों की पत्तियों, टहनियों,डंठल, भूसा, पैरा कुट्टी, घर से प्राप्त सब्जियों के टुकड़े आदि को छोटे–छोटे टुकड़े काट कर बांट देना चाहिए। घर और खेत में उपलब्ध जानवरों के गोबर को उनके मूत्र के साथ एकत्रित करना चाहिए। जानवरों के मल मूत्र बिछावन और वनस्पति कचरों का संग्रह तब तक इन छोटे–छोटे गड्ढों में इकट्ठा करना चाहिए जब तक कि दिए गए गड्ढों के अनुसार पूर्ति ना हो जाए। गड्ढे भरने के पूर्व इन पदार्थों में प्रति कुंटल कचरों की दर से एक



किलोग्राम राक फास्फेट का प्रयोग करना चाहिए जोकि बाजार में सस्ता और आसानी से उपलब्ध हो जाता है। सर्वप्रथम गड्ढों की साफ सफाई कर उसकी सतह को मिट्टी से दबाकर ठोस बनाएं फिर उसे गोबर के घोल से तर्क करें। इसके बाद पहली परत के रूप में वनस्पति कचरे का 3 से 4 इंच परत में एक समान बनाएं जिसे गोबर के घोल से तर करें।इसी क्रम में गड्ढा भराई को पूर्ण करें। भराई का कार्य भूतल से 45 सेंटीमीटर ऊंचा करें। फिर उसे मिट्टी और गोबर के घोल से लेपन कर दें। 20 से 25 दिन बाद जब गलन प्रक्रिया से उत्पन्न गर्मी कम हो जाए तब खाद के विभिन्न परतों में सूक्ष्मजीव ट्राइकोडरमा का छिड़काव करें। यह बाजार में आसानी से उपलब्ध हो जाता है। 6 से 8 दिनों बाद खाद पलटने का कार्य करें इसमें प्रत्येक परत का पलटा जाना आवश्यक है। खाद पलटने की प्रक्रिया तीन बार हर 15 दिनों में करें यह प्रक्रिया ढाई माह तक करते रहे अंतिम बार पलटने के समय जैव उर्वरक जैसे राइजोबियम (दलहन फसलों के लिए) एजोटोबेक्टर, एजोस्पिरिलम आदि खाद में मिश्रित करें। इससे खाद में लाभकारी जीवाणुओं की संख्या बढ़ती है और खाद की गुणवत्ता अधिक बढ़ जाती है। इसके 1 माह बाद खाद का प्रयोग खेत में करें।

## भारत में ग्रामीण पत्रकारिता का वर्तमान स्वरूप : रमेश भैया

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : विनोबा सेवा आश्रम के संस्थापक रमेश भैया के अनुसार गाँवों के देश भारत में, जहाँ लगभग 80: आबादी ग्रामीण इलाकों में रहती है, देश की बहुसंख्यक आम जनता को खुशहाल और शक्ति संपन्न बनाने में पत्रकारिता की निर्णायक भूमिका हो सकती है। लेकिन विडंबना की बात यह है कि अभी तक पत्रकारिता का मुख्य फोकस सत्ता की उठापठक वाली राजनीति और कारोबार जगत की ऐसी हलचलों की ओर रहा है, जिसका आम जनता के जीवन–स्तर में बेहतरी लाने से कोई वास्तविक सरोकार नहीं होता। पत्रकारिता अभी तक मुख्य रूप से महानगरों और सत्ता के गलियारों के इर्द–गिर्द ही घूमती रही है। ग्रामीण क्षेत्रों की खघ्बरें समाचार माध्यमों में तभी स्थान पाती हैं जब किसी बड़ी प्राकृतिक आपदा या व्यापक हिंसा के कारण बहुत से लोगों की जानें चली जाती हैं। ऐसे में कुछ दिनों के लिए राष्ट्रीय कहे जाने वाले समाचार पत्रों और मीडिया जगत की मानो नींद खुलती है और उन्हें ग्रामीण जनता की सुध आती जान पड़ती है। खासकर बड़े राजनेताओं के दौरों की कवरेज के दौरान ही ग्रामीण क्षेत्रों की खघ्बरों को प्रमुखता से स्थान मिल पाता है। फिर मामला पहले की तरह ठंडा पड़ जाता है और किसी को यह सुनिश्चित करने की जरूरत नहीं होती कि ग्रामीण जनता की समस्याओं को स्थायी रूप से दूर करने और उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए किए गए वायदों को कब, कैसे और कौन पूरा करेगा। सूचना में शक्ति होती हैं। हाल ही में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के जरिए नागरिकों को सूचना के अधिकार से लैस करके उन्हें शक्ति–संपन्न बनाने का प्रयास किया गया है। लेकिन जनता इसअधिकार का व्यापक और वास्तविक लाभ पत्रकारिता के माध्यम से ही उठा सकती है, क्योंकि आम जनता अपने दैनिक जीवन के संघर्षों और रोजी–रोटी का जुगाड़ करने में ही इस कघ्दर उलझी रहती है कि उसे संविधान और कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों का लाभ उठा सकने के उपायों को अमल में लाने की चेष्टा करने काअवसर ही नहीं मिल पाता।ग्रामीण क्षेत्रों में अशिक्षा, गरीबी और परिवहन व्यवस्था की बदहाली की वजह सेसमाचार पत्र–पत्रिकाओं का लाभ सुदूर गाँव–देहात कीजनता नहीं उठा पाती। बिजली और केबल कनेक्शन के अभाव में टेलीविजन भी ग्रामीण क्षेत्रों तक नहीं पहुँच पाता। ऐसे में रेडियो ही एक ऐसा सशक्त माध्यम है जो सुगमता से सुदूर गाँवों–देहातों में रहने वाले जन–जन तक बिना किसी बाधा के पहुँचता है। रेडियो आम जनता का माध्यम है और इसकी पहुँच हर जगह है, इसलिए ग्रामीण पत्रकारिता के ध्वजवाहक की भूमिका रेडियो को ही निभानी पड़ेगी। रेडियो के माध्यम से ग्रामीण पत्रकारिता को नई बुलंदियों तक पहुँचाया जा सकता है और पत्रकारिता के क्षेत्र में नए–नए आयाम खोले जा सकते हैं। इसके लिए रेडियो को अपना मिशन महात्मा गाँधी के ग्राम स्वराज्य के स्वप्न को साकार करने को बनाना पड़ेगा और उसको ध्यान में रखते हुए अपने कार्यक्रमों के स्वरूप और सामग्री में अनुकूल परिवर्तन करने होंगे। निश्चित रूप से इस अभियान में रेडियो की भूमिका केवल एक उत्प्रेरक कीही होगी। रेडियो एवं अन्य जनसंचार माध्यम सूचना, ज्ञान और मनोरंजन के माध्यम से जनचेतना को जगाने और सक्रिय करने का ही काम कर सकते हैं। लेकिन वास्तविक सक्रियता तो ग्राम पंचायतों और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले पढ़े–लिखे नौजवानों और विद्यार्थियों को दिखानी होगी। इसके लिए रेडियो को अपने कार्यक्रमों में दोतरफा संवाद को अधिक से अधिक बढ़ाना होगा ताकि ग्रामीण इलाकघें की जनता पत्रों और टेलीफोन के माध्यम से अपनी बात, अपनी समस्या, अपने सुझाव और अपनी शिकायतें विशेषज्ञों तथा सरकार एवं जन–प्रतिनिधियों तक पहुँचा सके। खासकर खेती–बाड़ी, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार से जुड़े बहुत–से सवाल, बहुत सारी परेशानियाँ ग्रामीण लोगों के पास होती हैं, जिनका संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञ रेडियो के माध्यम से आसानी से समाधान कर सकते हैं। रेडियो को "इंटरेक्टिव" बनाकर ग्रामीण पत्रकारिता के क्षेत्र में वे मुकाम हासिल किए जा सकते हैं जिसे दिल्ली और मुम्बई से संचालित होने वाले टी.वी. चौनल और राजधानियों तथा महानगरों से निकलने वाले मुख्यधारा के अखघ्बार और नामी समाचार पत्रिकाएँ अभी तक हासिल नहीं कर पायी हैं। टी.वी. चौनलों और बड़े अखबारों की सीमा यह है कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में अपने संवाददाताओं और छायाकारों को स्थायी रूप से तैनात नहीं कर पाते। कैरियर की दृष्टि से कोई सुप्रशिक्षित पत्रकार ग्रामीण पत्रकारिताको अपनी विशेषज्ञता का क्षेत्र बनाने के लिए ग्रामीण इलाकघें में लंबे समय तक कार्य करने के लिए तैयार नहीं होता। कुल मिलाकर, ग्रामीण पत्रकारिता की जो भी झलक विभिन्नसमाचार माध्यमों में आज मिल पाती है, उसका श्रेय अधिकांशतः जिला मुख्यालयों में रहकर अंशकालिक रूप से काम करने वाले अप्रशिक्षित पत्रकारों को जाता है, जिन्हें अपनी मेहनत के बदले में समुचित पारिश्रमिक तक नहीं मिल पाता। इसलिए आवश्यक यह है कि नई ऊर्जा से लैस प्रतिभावान युवा पत्रकार अच्छे संसाधनों से प्रशिक्षण हासिल करने के बादग्रामीण पत्रकारिता को अपनी विशेषज्ञता का क्षेत्र बनाने के लिए उत्साह से आगे आएँ। इस क्षेत्र मेंकाम करने और कैरियर बनाने की दृष्टि से भी अपार संभावनाएँ हैं। यह उनका नैतिक दायित्वभी बनता हैं। आखिर देश की 80 प्रतिशत जनता जिनके बलबूते पर हमारे यहाँ सरकारें बनती हैं, जिनके नाम पर सारी राजनीति की जाती हैं, जो देश की अर्थव्यवस्था में सबसे अधिक योगदान करते हैं, उन्हें पत्रकारिता के मुख्य फोकस में लाया ही जाना चाहिए। मीडिया को नेताओं, अभिनेताओं और बड़े खिलाड़ियों के पीछे भागने की बजाय उस आम जनता की तरफ रुखघ् करना चाहिए, जो गाँवों में रहती है, जिनके दम पर यहदेश और उसकी सारी व्यवस्था चलती है। पत्रकारिता जनता और सरकार के बीच, समस्या और समाधान के बीच, व्यक्ति और समाज के बीच, गाँव और शहर की बीच, देश और दुनिया के बीच, उपभोक्ता और बाजार के बीच सेतु का काम करती है। यदि यहअपनी भूमिका सही मायने में निभाए तो हमारे देश की तस्वीर वास्तव में बदल सकती है।सरकार जनता के हितों के लिए तमाम कार्यक्रम बनातीहैय नीतियाँ तैयार करती हैय कानून बनाती हैय योजनाएँ शुरू करती हैयसड़क, बिजली, स्कूल, अस्पताल, सामुदायिक भवन आदि जैसी मूलभूत



अवसंरचनाओं के विकास के लिए फंडउपलब्ध कराती है, लेकिन उनका लाभ कैसे उठाना है, उसकी जानकारी ग्रामीण जनता को नहीं होती। इसलिए प्रशासन को लापरवाही और भ्रष्टाचार में लिप्त होने का मौका मिलजाता है। जन–प्रतिनिधि चुनाव जीतने के बाद जनता के प्रति बेखबर हो जाते हैं और अपने किए हुए वायदे जान–बूझकर भूल जाते हैं। ज्ञान–विज्ञान के क्षेत्र में नई–नई खघेजें होती रहती हैंय शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में नए–नए द्वार खुलते रहते हैंय स्वास्थ्य, कृषि और ग्रामीण उद्योग के क्षेत्र की समस्याओं का समाधान निकलता है, जीवन में प्रगति करने की नई संभावनाओं का पता चलता है। इन नई जानकारियों को ग्रामीण जनता तक पहुँचाने के लिए तथा लगातार काम करने के लिए उन पर दबाव बढ़ाने, प्रशासन के निकम्मेपन और भ्रष्टाचार को उजागर करने, जनता की सामूहिक चेतना को जगाने, उन्हें उनके अधिकारों और कर्त्तव्यों का बोध कराने के लिए पत्रकारिता को ही मुस्तैदी और निर्भीकता से आगे आना होगा। किसी प्राकृतिक आपदा की आशंका के प्रति समय रहते जनता को सावधान करने, उन्हें बचाव के उपायों की जानकारी देने और आपदा एवं महामारी से निपटने के लिए आवश्यक सूचना और जानकारी पहुँचाने में जनसंचार माध्यमों, खासकर रेडियो की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। पत्रकारिता आम तौर पर नकारात्मक विधा मानी जाती है, जिसकी नजर हमेशा नकारात्मक पहलुओं पर रहती है, लेकिन ग्रामीण पत्रकारिता सकारात्मक और स्वस्थ पत्रकारिता का क्षेत्र है। भूमण्डलीकरण और सूचना–क्रांति ने जहाँ पूरे विश्व को एक गाँव के रूप में तबदील कर दिया है, वहीं ग्रामीण पत्रकारिता गाँवों को वैश्विक परिदृश्य पर स्थापित कर सकती है। गाँवों में हमारी प्राचीन संस्कृति, पारंपरिक ज्ञान की विरासत, कला और शिल्प की निपुण कारीगरी आज भी जीवित है, उसे ग्रामीण पत्रकारिता राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पटल पर ला सकती है। बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ यदि मीडिया के माध्यम से धीरे–धीरे ग्रामीण उपभोक्ताओं में अपनी पैठ जमाने का प्रयास कर रही हैं तो ग्रामीण पत्रकारिता के माध्यम से गाँवों की हस्तकला के लिए बाजार और रोजगार भी जुटाया जा सकता है। ग्रामीण किसानों, घरेलूमहिलाओं और छात्रों के लिए बहुत–से उपयोगी कार्यक्रम भी शुरू किए जा सकते हैं जो उनकी शिक्षा और रोजगार को आगे बढ़ाने का माध्यम बन सकते हैं। इसके लिए ग्रामीण पत्रकारिता को अपनी सृजनकारी भूमिका को पहचानने की जरूरत है। अपनी अनन्त संभावनाओं का विकास करने एवं नए–नए आयामों को खोलने के लिए ग्रामीण पत्रकारिता को इस समय प्रयोगों और चुनौतियों के दौर से गुजरना होगा।

## इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में पारा पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार


आर एल पाण्डेय लखनऊ। पुलिस आयुक्त डी0के0ठाकुर के निर्देशन में पुलिस उपायुक्त दक्षिणी गोपाल चौधरी के मार्गदर्शन में, अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी पुणेन्दु सिंह व सहायक पुलिस आयुक्त काकोरी आशुतोष कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक पारा राजेश कुमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक जयचन्द्र बाबू शर्मा व हमराही कर्मचारी गण के मुखबिर खास की सूचना पर मोटरसाइकिल चोरी कर उसके पार्ट खोलकर बेचने व मोटरसाइकिल का नम्बर प्लेट बदलकर चलाने वाले अभियुक्तगण 1. आरिफ" / ट छोटे मियाँ निवासी 400 / 45 / 30 मल्लाही टोला थाना ठाकुरगंज जनपद लखनऊ उम्र करीब 21 वर्ष व 2. कल्लू कबाड़ी उर्फ दीपक S/O मैकू राजपूत निवासी राधा ग्राम डूडा कालोनी म0न0 122 थाना ठाकुरगंज जनपद लखनऊ उम्र 28 वर्ष को बलदेव खेड़ा से कुल 03 अदद साबुत मोटरसाइकिल 01 अदद खुली हुई मोटरसाइकिल तथा 01



अदद स्कूटी हाण्डा एविएटर बरामद किया जो मु.अ.स. 190 / 2021 धारा 379 भादवि थाना सआदगंज लखनऊ से सम्बन्धित है। अन्य बरामद माल मशरूका थाना पारा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 500 / 21 धारा 379 / 411 / 420 / 467 / 468 / 471 भादवि से संबंधित है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# डायट प्राचार्या की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या ) जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अयोध्या की प्राचार्या श्रीमती संध्या श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला समन्वयक प्रशिक्षण सुनील कुमार श्रीवास्तव व सभी विकास खण्ड के खण्ड शिक्षा अधिकारी , एस आर जी और सभी ए आर पी की उपस्थिति में ऑनलाइन गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।इस मौके पर डायट प्राचार्य ने सभी बच्चों के सीखने व गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा हासिल करने के संबंध में ए आर पी , एस आर जी व डायट मेंटर द्वारा विद्यालयों में किये जा रहे सहयोगात्मक पर्यवेक्षण पर विस्तार से चर्चा की।वही डायट प्राचार्य ने सभी को निर्देशित किया कि विद्यालयों में उपलब्ध कराई गई प्रेरणा तालिका को बच्चों की दक्षता का आकलन करने के पश्चात शिक्षकों द्वारा अनिवार्य रूप से अद्यतन किया जाय तथा ए आर पी व एस आर जी द्वारा इनका भौतिक सत्यापन भी किया जाय।डायट प्रचार्या ने समीक्षा बैठक के दौरान मिशन प्रेरणा की ई पाठशाला , रीड एलांग एप, दीक्षा का उपयोग, प्रेरणा लक्ष्य के उपयोग, सक्रिय पुस्तकालय, आधारशिला, ध्यानाकर्षण, शिक्षण संग्रह , क्रियान्वयन संदर्शिका व समृद्ध हस्त पुस्तिका के उपयोग के विषय में विस्तार से चर्चा की। विभिन्न विकास खण्डों के ए आर पी ने पर्यवेक्षण के दौरान आने वाली समस्याओं पर चर्चा की।जिला समन्वयक प्रशिक्षण ने भी विभिन्न विषयों जैसे समृद्ध की पहुंच प्रत्येक विद्यालय में हो, इसकी कार्य योजना पर चर्चा की।डायट प्राचार्या ने सभी को एनएएस परीक्षा जो कि 12 नवम्बर को कक्षा 3 , 5 और 8 के लिए होनी है, उसके विषय मे विस्तार से बताया। एस आर जी डॉ अंबिकेश त्रिपाठी ने विद्यालयों में प्रेरणा तालिका में बच्चों का आकलन करने के उपरांत दक्षता के अनुसार अंकित कर अद्यतन रखने के साथ साथ विद्यालय में उपलब्ध पुस्तकों को बच्चों को प्रदान कर उनका अंकन भी रजिस्टर में किये जाने का बारीकी से पर्यवेक्षण करने की आवश्यकता पर बल दिया।बैठक में एस आर जी मनीष रस्तोगी , अमित कुमार मिश्र ए आर पी डॉ रजनी रंजन जायसवाल, श्रीमती पारिजा , डॉ अनामिका मिश्र , श्रुति मैडम, प्रवीण मिश्र संतोष कुमार , कृष्ण कुमार त्रिपाठी , डॉ दिनेश कांत पाण्डेय व डॉ रंजीत सिंह ने अपने विचारों को साझा किया। अंत मे डायट प्रचार्या श्रीमती संध्या श्रीवास्तव ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों , जिला समन्वयक प्रशिक्षण , ए आर पी , एस आर जी व डायट मेंटर्स को इस सफल बैठक हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।




# पति के अखण्ड सौभाग्य के लिये सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार कर रखा करवा चौथ व्रत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)अखंड सौभाग्य का पर्व करवा चौथ व्रत सुहागिनों ने अपने पति के लिये बड़े उत्साह व उमंग के साथ मनाया।इस दिन सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार कर करवाचौथ की कथा सुनी और चंद्रमा व अपने पति का चलनी से दर्शन कर अर्घ्य दिया।इस मौके पर पति की लम्बी आयु की कामना की।वही शहर के सुहागिनो के अलावा सिंधु महिला परिवार की महासचिव प्रिया वलेशाह ने बताया कि रामनगर कालोनी मे हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सामूहिक रूप से करवा चौथ सुहागिनों ने उत्सव की तरह मनाया।करवाचौथ व्रत मनाने के लिए सुहागिन महिलाओं ने हाथों में मेहंदी लगाकर व सज–धज कर और हाथो मे सजी हुई थाली को एक दूसरे के हाथों मे देकर आस्था और विश्वास के साथ सात बार परिक्रमा की।इस मौके पर वंदना व प्रिया ने संयुक्त रुप से बताया कहा कि यह पर्व आपसी रिश्ते को एक नया आयाम देता है। सुहागिनें इस दिन को संबधों की गहराई याद करने का दिन मानती है। रामनगर कालोनी के मंछाराम दरबार सहित कई



स्थानों पर सामिहक रूप से पर्व मनाया गया।जिसमे कथा वाचक संध्या शर्मा,मीना सचदेवा, लाजवंती देवी, नैना सचदेवा, मंछा शर्मा, नेहा राजपाल, आशा राय,नेहा शर्मा ने करवाचौथ व्रत के बारे मे बताया।करवाचौथ सुहागिनों के लिए बहुत बडा और यादगार पर्व है गृहणी आस्था सावलानी, आरती केशवानी, पूजा माखेजा, रीत माखेजा,नीलम राहेजा ने कहा कि करवाचौथ हमारे बीच प्यार और सम्मान को मजबूत करेगा यह दिन भावनाओ को समझने का दिन है सभी ने कहा कि करवाचौथ पति पत्नी का संबध मजबूत करने का त्योहार है।

# बाढ़ से प्रभावित सरयू नदी के किनारे बसे गांवों का रुदौली विधायक ने किया निरीक्षण

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : सरयू नदी के किनारे बसे गांवों में एक बार फिर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है।ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि नेपाल से नदी में भारी मात्रा में पानी छोड़ा गया है वनबसा व शारदा बैराज सरयू नदी मे साढ़े छह लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से नदी का जलस्तर बढ़ गया है।ग्रामीणों में एक बार फिर बाढ़ की दहशत हावी हो गई हैं। बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने पहुंचे रुदौली विधानसभा के विधायक रामचंद्र यादव ने निरीक्षण करते हुए कहा कि नदी अभी खतरे के निशान से 50 सेमी नीचे हैं।उन्होंने बताया कि हालात को देखते हुए उपजिलाधिकारी स्वप्निल यादव को निर्देश दिया गया है कि समय–समय पर बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण करते रहे।उपजिलाधिकारी ने भी बाढ़ चौकियों को व राजस्व विभाग को अलर्ट कर दिया गया है कि एक ओर इस समय हो रही बरसात का पानी तो नदी का जलस्तर बढ़ा ही रहा है मगर अब बैराज से पानी छोड़े जाने से जलस्तर बढ़ गया है। रुदौली तहसील क्षेत्र के प्रतिनिधियों के अनुसार सरयू नदी में बनबसा बैराज द्वारा लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने से नदी की तलहटी में बसे ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई नदी का जलस्तर जैसे–जैसे बाढ़ रहा है वैसे–वैसे ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। विधायक रामचंद्र यादव ने बढ़ते जलस्तर के प्रति आगाह किया गया ग्रामीणों को अपने परिवार और जानवरों के साथ उंचे स्थानों पर निकालने के लिए कहा गया।साथ ही उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया घाघरा में आने वाले बेमौसम बाढ़ व बरसात से किसानों कि जो फसलें बर्बाद हुई है।उन्हें जल्द से जल्द मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन दिया।श्री यादव ने हर संभव मदद का भी भरोसा दिलाया। शुक्रवार को रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने राजस्व विभाग के साथ महंगू का पुरवा,घाट,संडरी घाट,मुजेहना घाट,पास्ता माफी खैरी घाट,कोटरा रैंप घाट,शाहपुर रैंप घाट,का निरीक्षण किया।

# आक्रोशित ग्रामीणों ने पूरा बाजार बिल्हर घाट मोड पर लगाया जाम

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : शुक्रवार की शाम चार दिन पहले गायब युवक की लाश के मामले में पुलिस की कार्य प्रणाली से क्षुब्ध मृत युवक के परिजनों के साथ ग्रामीणों ने विल्हरघाट तिराहे के पास अयोध्या अम्बेडकरनगर मार्ग को घंटो जाम कर दिया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने पूरा बाजार चौकी से भगा दिया। जिस पर लोग आक्रोशित हो गये। मामले की नजाकत देखते हुए एसडीएम बृजेश कुमार सिंह, एसपी सिटी, सीओ सदर आर के चतुर्वेदी,एसएचओ महाराजगंज वीरेंद्र कुमार राय, कोतवाल अयोध्या, एसएसआई गोसाईगंज, महिला थाना एसएचओ रिकाबगंज ,थाना तारून सहित भारी संख्या पुलिस फोर्स पहुंची और मानमनौव्वल का दौर शुरू हो गया।प्रदर्शन में महिलाओं की संख्या ज्यादा थी। अधिकारियों ने समझाने बुझाने का अथक प्रयास किया लेकिन जब कामयाबी नहीं मिली तो हल्का बल प्रयोग करके तीन घंटे बाद जाम खुलवाया गया। जाम दोनों तरफ लगभग तीन किलोमीटर तक लगा था। समाचार लिखे जाने तक एफ आई आर नहीं हो पाई थी।मालूम हो कि शुक्रवार की शाम को थाना महाराजगंज पुलिस चौकी क्षेत्र पूरा बाजार इलाके के मडना गाँव निवासी रामू राजभर 32 वर्ष पुत्र बाबूराम राजभर की लाश रामपुर पुवारी में पानी में मिली थी। रामू राजभर चार दिन पहले घर से गायब था। मृतक की पत्नी गीता का आरोप है कि पुलिस ने उनकी न सुनी और चौकी पूरा बाजार से भगा दिया गया।

# किसान और नौजवान का शोषण कर है रही योगी सरकार–जय सिंह राणा

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : युवजनसभा के जिला अध्यक्ष जय सिंह यादव ने आज सोहावल तहसील पर महामहिम राज्यपाल को संबोधित 9 सूत्रीय मांग पत्र उप जिलाधिकारी के प्रतिनिधि तहसीलदार सोहावल को सौंपते हुए कहीं ।मांग पत्र में प्रमुख रूप से बरसात के कारण किसानों की नष्ट फसलों का उचित मुआवजा, एनपीके डीएपी खाद की कीमतों में हुई मूल्य वृद्धि की वापसी, डीजल पेट्रोल गैस की मूल वृद्धि की वापसी, धान की कीमत 30 प्रति किलोग्राम व गन्ने की कीमत 450 प्रति कुंतल किए जाने, जर्जर सड़कों की मरम्मत कराये जाने, ढेमुआ पुल पर जारी कटान को रोकने के शीघ्र उपाय, आदि प्रमुख मांगे शामिल रहीं। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद ,अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष राशिद जमील,युवा नेता ऐशात खान ,अवधेश गोस्वामी, वरिष्ठ नेता सलीम खान ,दीपक यादव, आशिक यादव, अनिल वर्मा, आजा सिद्दीकी, आकाश पटेल, यूथ ब्रिगेड के विधानसभा अध्यक्ष अंगद यादव ,जगजीवन पटेल, अशोक यादव, जितेंद्र रावत, अनंतराम यादव, दीपक रावत, छात्रसभा के विधानसभा अध्यक्ष विकास वर्मा, रामकरन यादव, रिंकू रावत, पिंटू वर्मा, राम बहादुर, विजय प्रकाश, कल्लू नेता, अजीत निषाद, रवि प्रताप यादव, राज करण यादव, राहुल निषाद, राजेश यादव, चंद्र प्रकाश यादव, वीरु यादव, रामानंद निषाद निखिल पटेल ,विनोद यादव,तौकीर आदि लोग मौजूद रहे।

# विधायक ने प्रधानमंत्री आवास विधवा पेंशन दो बच्चों को ढाई हजार रुपया महीना दिलाने की घोषणा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इस दुखद घटना के बाद हम आपके पति को वापस तो नहीं ला सकते लेकिन हम आपके जीवन यापन का पूरा प्रबंध करेंगे उक्त उद्गार ग्राम मडना में रामू राजभर की मृत्यु के बाद परिवार को सांत्वना देने पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर कहा कि उन्होंने एसडीएम सदर बृजेश कुमार सिंह से वार्ता कर परिवार को बताया कि आपको किसान सहायता के रूप में 5 लाख प्रधानमंत्री आवास विधवा पेंशन दो बच्चों को 18 वर्ष तक प्रत्येक बच्चे को ढाई हजार रुपया प्रतिमाह मिलेगा उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा दिलाने की जिम्मेदारी मै लेता हूं पीड़ित परिवार की दयनीय दशा देखकर विधायक काफी भावुक हो उठे उन्होंने प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव से कहा कि इनका कार्ड बनवा कर इन्हें राशन की व्यवस्था कराई जाए। विधायक ने ग्रामीणों से कहा कि शराब अपराध की जड़ है मडना में शराब बनना पूरी तरह से बंद होगा इसके लिए महिलाओं को आगे आना होगा और वह उनकी सहायता के लिए सदैव



तत्पर रहेंगे जिसस बच्चों का भविष्य आगे चलकर सुरक्षित हो सके विधायक के साथ गन्ना समिति के चेयरमैन दीपेंद्र सिंह अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री हरिभजन गौड भाजपा नेता गब्बर सिंह ओम प्रकाश यादव थानाध्यक्ष महाराजगंज वीरेंद्र कुमार राय चौकी प्रभारी पूरा बाजार राम अवतार राम मौजूद थे पीड़ित परिवार के आवास पर काफी संख्या में महिलाएं व ग्रामीण मौजूद थे।

# राम मंदिर में झारखंड की खदानों से उत्पादित तांबे का होगा उपयोग

अयोध्या। (राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भगवान श्रीराम मंदिर में झारखंड की खदानों से उत्पादित तांबे का होगा उपयोग, एलएंडटी की टीम गयी अयोध्या में बनने वाले भव्य राम मंदिर में सिंहभूम ताम्र पट्टी की खदानों से उत्पादित तांबे का उपयोग होगा. राम मंदिर निर्माण की तकनीकी देखरेख करने वाली एलएंडटी की टीम शुक्रवार को आइसीसी के दौरे पर आयी थी और तांबे का सैंपल लेकर गयी है. दरअसल, राम मंदिर की दीवारों में करीब 34 टन तांबा लगाने की योजना है. सिंहभूम ताम्र पट्टी ने भारतीय ताम्र उद्योग की जननी के रूप में अपनी पहचान बनायी है। 1929 में मऊभंडार कारखाना में स्मेलटर की शुरूआत हुई. राम मंदिर की शोभा बढ़ाने के लिए तैयार है। मऊभंडार आइसीसी कारखाना से उत्पादित तांबा राम मंदिर में लगाया जाता है तो घाटशिला का नाम एक बार फिर देश में अपनी अलग पहचान बनायेगा। 34 टन तांबा की कीमत 2 करोड़ 30 लाख रुपये। अयोध्या में बनने वाले भव्य राम मंदिर की दीवारों में 34 टन तांबा लगाने की योजना है. 34 टन तांबा की कीमत आज की एलइएम प्राइस के मुताबिक 2 करोड़ 30 लाख की होती है. 2 करोड़ 30 लाख तांबे का उपयोग अयोध्या में बनने वाले राम मंदिर की दीवारों में होगा. लंदन मेटल एक्सचेंज (एलएमइ) के तहत एक टन तांबा की कीमत अभी 9 हजार डॉलर है. अगर भारतीय रुपयों में इसका आकलन किया जाये तो एक टन तांबा की कीमत छह लाख 75 हजार रुपये है।21 अक्तूबर को अयोध्या में बनने वाले राम मंदिर की देखरेख करने वाली कंपनी एलएंडटी की टीम आयी थी. एलएंडटी के पदाधिकारी रात भर मऊभंडार में रुके. दूसरे दिन शुक्रवार शाम में तांबा का सैंपल लेकर गये हैं. एलएंडटी के पदाधिकारी और अन्य पदाधिकारी सैंपल देखकर यह तय करेंगे कि आइसीसी के तांबे को मंदिर निर्माण में उपयोग में लाया जाये या नहीं।

# आगामी बी.एड की 28 केंद्रों की परीक्षा का साकेत महाविद्यालय करेगा बहिष्कार

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय तिवारी : डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के मनमाने रवैये तथा विश्वविद्यालय के समस्त अनुदानित महाविद्यालयों को शिक्षा के केंद्र से परीक्षा के केंद्र में तब्दील कर दिए जाने के विरोध में साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा साकेत महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र के रूप में थोपी गई आगामी बी.एड की 28 केंद्रों की परीक्षा का बहिष्कार करने का निश्चय किया है। 26 अक्टूबर से साकेत महाविद्यालय में 28 स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की बी. एड परीक्षा को आयोजित करने के लिए केंद्र बनाया गया है जिसके 23 नवंबर तक चलने की संभावना है। अब तक साकेत महाविद्यालय दर्जनों स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की एलएलबी व बीसीए की परीक्षाओं को संपादित करने में लगा हुआ है जो 29 सितंबर से शुरू होकर 25 अक्टूबर को समाप्त होंगी। ध्यातव्य है कि शैक्षणिक सत्र 2021–22 प्रारंभ होने से लेकर अब तक लगातार चल रहे परीक्षा–कार्यक्रमों ने साकेत महाविद्यालय की पठन–पाठन व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। इससे शिक्षकों के साथ–साथ नगर के छात्र–छात्राओं में भी भारी रोष है। नई शिक्षा नीति के तहत महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले अधिकांश छात्र–छात्राएं विश्वविद्यालय के इस मनमाने रवैये से बेहद हताश व असमंजस की स्थिति में है। सेमेस्टर व्यवस्था लागू होने के बाद इन सभी छात्र–छात्राओं को दिसंबर से जनवरी तक अपने सेमेस्टर की अंतिम परीक्षाएं देनी हैं जबकि अन्य परीक्षाओं के अनवरत चलने वाले कार्यक्रमों से शिक्षण कार्य पूरी तरह से प्रभावित है और उनका 10: पाठ्यक्रम भी अभी तक पूरा नहीं हुआ है। स्नातक द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष एवं परास्नातक की कक्षाओं में अभी तक प्रवेश का कार्य ही शुरू नहीं हुआ है। शिक्षकों का कहना है कि उन्हें अपने महाविद्यालय की परीक्षाओं को आयोजित करने में कोई गुरेज नहीं है क्योंकि यह उनका दायित्व भी है और परीक्षार्थियों की संख्या कम होने के कारण परीक्षा और शिक्षण–कार्य एक साथ चलाए जा सकते हैं, परंतु यदि एक ही महाविद्यालय में करीब तीन से चार हजार बच्चों की परीक्षाएं रोज होंगी तो शिक्षण कार्य किया जाना असंभव है। डा जन्मेजय तिवारी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालयों को परीक्षा–केंद्र बनाने की एकमात्र जिम्मेदारी विश्वविद्यालय के परीक्षा–नियंत्रक की है जिन्हें विद्यार्थियों के भविष्य व शिक्षकों की अकादमिक चिंताओं का बिल्कुल भी ध्यान नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कुलपति जी ने जिस दिन विश्वविद्यालय का कार्यभार संभाला था, उसी दिन कहा था कि उनका मुख्य उद्देश्य प्रवेश,परीक्षा और परिणाम है अर्थात शिक्षा पर उन्होंने कभी जोर ही नहीं दिया और यह विद्यार्थियों के साथ बहुत बड़ा अन्याय है।यदि विद्यार्थी ही नहीं रहे, यदि महाविद्यालयों में शिक्षणकार्य ही ना हुआ तो आखिर सरकार द्वारा उच्चशिक्षा पर व्यय किए जा रहे इस धन का क्या औचित्य है? क्या प्राध्यापकों का काम सिर्फ परीक्षा कक्षा में निरीक्षण का कार्य ही करना है या सरकार ने उनका चयन छात्रों को पढ़ाने के लिए किया है? यदि महाविद्यालयों में शिक्षण कार्य नहीं हो रहा है तो इसके जिम्मेदार कुलपति और उन्हें समर्थन दे रही व्यवस्थाएँ ही हैं। किसी भी विषय की मान्यता देने से पूर्व विश्वविद्यालय अपने अधिकारियों से उस महाविद्यालय का भौतिक सत्यापन व निरीक्षण करवाता है और सब कुछ उचित पाए जाने के बाद ही विश्विद्यालय द्वारा महाविद्यालयों को उस विषय में शिक्षण और अन्य गतिविधियों की मान्यता दी जाती है। यदि इन महाविद्यालयों में सब ठीक ही है तो वहां पर परीक्षाएं क्यों नहीं? पत्रकारों के यह पूछने पर कि आपके साथ शिक्षक संघ है या नहीं, डॉ जन्मेजय तिवारी ने कहा कि शिक्षक संघ के महामंत्री डॉ जितेंद्र सिंह से उनकी बात हुई है और उन्होंने परीक्षा बहिष्कार का पूर्ण समर्थन दिया है।विद्यार्थियों की अध्ययन के संकट व उसकी समसामयिक चुनौतियों को सम्बोधित करते हुए डॉ अनुराग मिश्र ने कहा कि साकेत महाविद्यालय में पिछले 3 साल से हो रही परीक्षाओं का पैसा भी विश्वविद्यालय ने भुगतान अब तक नहीं दिया है और विश्वविद्यालय में करीब 3500000 रुपए बाकी है ।यह वही विश्वविद्यालय है जो छात्र छात्राओं को परीक्षा शुल्क विलंब से देने की वजह से उनको परीक्षा देने से ही बहिष्कृत कर देता है या फिर उन्हें अंकपत्र ही उपलब्ध नहीं करवाता।विश्वविद्यालय छात्रों से परीक्षा शुल्क तो लेता है लेकिन महाविद्यालयों को परीक्षा कराने के नाम पर कुछ नहीं देता । यह शिक्षकों व कर्मचारियों के कर्तव्य और परिश्रम की घनघोर अवमानना है । शिक्षकों व कर्मचारियों ने अपनी परीक्षा संबंधी पारिश्रमिक के अब तक के एरियर की ब्याज सहित मांग की है जिसे पूरा न करने पर गंभीर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। शिक्षकों की मांग है कि साकेत महाविद्यालय के अपने संस्थागत बी.एड के परीक्षार्थियों को छोड़कर अन्य महाविद्यालय की परीक्षा साकेत महाविद्यालय में आयोजित किए जाने के निर्णय को विश्वविद्यालय तुरंत निरस्त करें तथा अब तक के पारिश्रमिक का अविलंब भुगतान कर पठन–पाठन का वातावरण सृजित करने के लिए महाविद्यालयों का सहयोग करे।ऐसा ना होने पर सभी शिक्षक परीक्षा के कार्यक्रमों का बहिष्कार करेंगे और उसकी समस्त जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। साकेत महाविद्यालय के शिक्षकों को इस आंदोलन के लिए छात्र–संघ व छात्रों के व्यापक समुदाय का समर्थन हासिल है। जंतु विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ बी के सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए कहा कि विज्ञान वर्ग की थियरी और प्रयोगात्मक की पढ़ाई पूरी तरह से पटरी से उतर चुकी है। बच्चों को जब पढ़ाया नहीं जा सकेगा और उन्हें लैब में प्रैक्टिकल की सुविधाएँ नहीं दी जा सकेंगी तो उनका शैक्षणिक विकास कैसे होगा? महाविद्यालयों के प्रशासन को विश्वविद्यालय के इस मनमाने रवैये का विरोध करते हुए हर हाल में अपने छात्रों के साथ खड़ा होना होगा। छात्र संघ के अध्यक्ष आभास कृष्ण यादव ने भी पत्रकारों को संबोधित किया और कहा कि यदि महाविद्यालय में कक्षाएं सुचारू रूप से नहीं चली तो छात्र संघ शिक्षकों के साथ मिलकर आर–पार की लड़ाई लड़ेगा। कुलपति को यह बताना होगा कि महाविद्यालय दूसरे महाविद्यालयों की सिर्फ परीक्षाएँ आयोजित करेंगे या बच्चों को पढ़ाएंगे भी। विश्वविद्यालय के पास इतना बड़ा संसाधन है वह सारी परीक्षाएं अपने बिल्डिंग में क्यों नहीं करवा लेता। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान डॉ महेंद्र पाठक, डॉक्टर योगेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, डॉ परेश पांडेय, डॉक्टर शुचिता पांडेय, डा शिव कुमार तिवारी, डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह, डॉ प्रभात कुमार श्रीवास्तव, डॉ विनोद कुमार पांडेय, डॉ बाल गोविंद, डॉ अविनाश, डॉ रवि चौरसिया, डॉ मुकेश कुमार पांडेय , डॉ अनूप कुमार पांडेय तथा अन्य शिक्षकों के अलावा बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# सुहागिनों ने पति की लंबी आयु के लिए किया करवाचौथ, चलनी से चांद देख कर तोड़ा व्रत





अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अखंड सौभाग्य का पर्व करवा चौथ सुहागिनों ने बडे उत्साह व उमंग के साथ मनाया। सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार कर करवाचौथ की कथा सुनी और चंद्रमा व अपने पति का छलनी से दर्शन कर अर्घ्य दिया। इस मौके पर पति की लम्बी आयु की कामना की। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सामूहिक रूप से करवा चौथ सुहागिनों ने उत्सव की तरह मनाया। करवाचौथ मनाने के लिए सुहागिन महिलाओं ने हाथों में मेहंदी लगाकर व सज–धज कर और हाथो मे सजी हुई थाली को एक दूसरे के हाथों मे देकर आस्था और विश्वास के साथ सात बार परिक्रमा की। प्रिया ने कहा कि यह पर्व आपसी रिश्ते को एक नया आयाम देता है। सुहागिनें इस दिन को संबधों की गहराई याद करने का दिन मानती है। टीचर्स कालोनी सहित कई स्थानों पर सामूहिक रूप से पर्व मनाया गया । जिसमे सुहागिनों ने करवाचौथ व्रत के बारे मे बताया। करवाचौथ सुहागिनों के लिए बहुत बडा और यादगार पर्व है। करवाचौथ हमारे बीच प्यार और सम्मान को मजबूत करेगा यह दिन भावनाओ को समझने का दिन है सभी ने कहा कि करवाचौथ पति पत्नी का संबध मजबूत करने का त्यौहार है।

# अपराधियों की जगह खुला आसमान नही बल्कि जेल की सलाखे – अमर सिंह



अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या रेंज के बाराबंकी जिले में आदर्श नगर कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक के पद पर तैनात निरीक्षक अमर सिंह की उनके कुशल कार्यशैली के चलते जनता में उनकी लोकप्रियता की छवि क्षेत्र में दिखाई दे रही है।वही इसी कडीध में तेज तर्रार व अनुभवी प्रभारी निरीक्षक आदर्श कोतवाली नगर बाराबंकी अमर सिंह ने डीकेयू/एनबीसी चैनल के ब्यूरो चीफ राजेश श्रीवास्तव से एक खास मुलाकात में बताया कि शासन के मंशा के मुताबिक कार्य करना हमारी प्रथम प्राथमिकता है।उन्होंने बताया कि जो भी फरियादी हमारे थाने पर आते है हमारा यही प्रयास रहता है कि उन्हें थाने पर ही हमारे व हमारे अधीनस्थ पुलिस कर्मियो के माध्यम से न्याय मिल जाय।वही महिला पीडितो को त्वरित न्याय दिलाने की कोशिश की जाती है।प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह का मानना है कि हमारे क्षेत्र में अपराध व आपराधिक गतिविधियों में शामिल अपराधियों के लिये कोई जगह नहीं है।उनके मुताबिक अपराधियों की जगह खुली आसमान नही बल्कि जेल की सलाखे है।अपराधी की पहुँच कितनी ऊपर तक क्यों न हो उनसे पुलिस सख्ती से पेश आने का काम करेगी।फिलहाल अयोध्या रेंज के बाराबंकी जिले में आदर्श कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक की अमर सिंह की गिनती तेज तर्रार व अनुभवी प्रभारी निरीक्षको में की जाती है वही जनता में इनकी छवि इनके लोकप्रियता के चलते अच्छी मिनी जाती है।

# सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर दादा जय शंकर पाण्डेय का गोसाईगंज में हुआ भव्य स्वागत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश उपाध्यक्ष दादा जय शंकर पांडे का गोसाईगंज भीटी चौराहे पर हनुमान सोनी के नेतृत्व में ढोल नगाड़ों के साथ सपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। आगामी 2022 विधानसभा



चुनाव में सपा को विजय बनाने का संकल्प भी लिया।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वह पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर गठित की गई प्रदेश कार्यकारिणी में अयोध्या के पूर्व जिलाध्यक्ष दादा जय शंकर पांडे को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष जयशंकर पांडे ने कहा की समाजवादी पार्टी ही समाजवाद के सिद्धांत का अनुसरण कर सर्व समाज के लोगों के लिए काम कर रही है। दादा जय शंकर के परम भक्त दादा को इस युग के अपना भगवान मानते हैं समाजसेवी हनुमान सोनी ने कहां है कि दादा जी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाकर सपा हाईकमान ने उन्हें उनकी ईमानदारी निष्ठा वह समर्पण का सम्मान किया है। इस अवसर पर पूर्व गोसाईगंज विधायक अभय सिंह अशीष पांडे उर्फ दीपू प्रदीप त्रिपाठी पूर्व सभासद देशराज वर्मा मनोज जायसवाल राजकुमार वर्मा असहब अहमद राजकुमार वर्मा कल्लू कुरेशी आकाश सोनकर आदि सपा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।